दिनांकः 29.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर आज केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के साथ नई दिल्ली में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की 25वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान श्री यादव ने बाघ संरक्षण में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावना तलाशने की आवश्यकता पर जोर दिया।
प्रदेश में बाघ दिवस पर कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष कार्यक्रम रखे गए। इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों ने व्याख्यान और कोलाज के माध्यम से बाघों के संरक्षण पर अपने विचार रखे।
गौरतलब है कि बाघ दिवस मनाने का उद्देश्य बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना और बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत में वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत बाघ अभ्यारण्य बनाए गए थे। इनका प्रबंधन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण करता है। विश्व के 80 प्रतिशत बाघ भारत में मौजूद हैं।

....

सर्वोच्च न्यायालय अपनी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आज से विशेष लोक अदालत सप्ताह आयोजित कर रहा है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न्यायालय में लम्बित पड़े मामलों को निपटाना है। उन्होंने लोगों से लोक अदालत या जन अदालत का लाभ उठाने की अपील की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि यह पहल विवादों को स्वेच्छा और परस्पर सहमति से निपटाने का अवसर है।

....

सेना की दक्षिण–पश्चिमी कमान की गांडीव डिविजन की ओर से कोटा मिलिट्री स्टेशन पर सेमिनार आयोजित की गई। सेमीनार में लंबी दूरी के सटीक हमलों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और भविष्य की लड़ाइयों में स्वायत्त प्रणालियों में होने वाले बदलाव पर चर्चा की गई। इस दौरान सैन्य तकनीकी प्रगति, परिचालन संबंधी चुनौतियाँ और गैर–संपर्क क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए सैद्धांतिक अनुकूलन की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

....

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा में तीन साल के बालक में चांदीपुरा वायरस की पुष्टि हुई है। नेशनल इन्सटीट्यूट ऑफ वायरोलोजी–एन.आई.वी. पुणे से प्राप्त सूचना के अनुसार यह बच्चा 12 जुलाई से डूंगरपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती था और लक्षणों के आधार पर इसका सैम्पल जांच के लिए एन.आई.वी. भेजा गया था। फिलहाल बालक की तबीयत में सुधार है। गौरतलब है कि चांदीपुरा वायरस सबसे पहले महाराष्ट्र के नागपुर जिले के चांदीपुरा गांव में 1965 में पाया गया था। यह रोग सैन्डफ्लाई नामक मक्खी द्वारा फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी/दस्त और दौरे आना है।

....

खाद्य सुरक्षा, हाइजीन और मोटा अनाज को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में सेमिनार आयोजित की गई। खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय और राजस्थान होटल फेडरेशन की ओर से आयोजित सेमीनार में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि मोटे अनाज के उपयोग से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। खाद्य सुरक्षा अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने इस अवसर पर उपभोक्ताओं से अपील की, कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि मिलावट करने वालों पर उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति तक शुद्ध खाना पहुंचाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा जिले में कहीं–कहीं भारी बरसात दर्ज हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 17 सेंटीमीटर बारिश प्रतापगढ़ के अरनोद में रिकॉर्ड हुई। पाली के सुमेरपुर के जवाई लेपर्ड क्षेत्र में आज बारिश हुई। इससे वहां मौसम सुहाना हो गया है। राज्य के सभी संभागों में आज भी हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

....

सावन माह के दूसरे सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालय बम बम भोले के जयकारों से गूंजायमान हो रहे हैं। इस अवसर पर भगवान शिव की विशेष पूजा कर अनुष्ठान किए जा रहे हैं। भीलवाडा के हरडी महादेव, तिलस्वा महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रंगार कर अभिषेक किया जा रहा है। झुंझुनूं में बावलिया की बगीची स्थित मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु जुट रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर कमेटी ने विशेष इंतजाम किये गये हैं। जैसलमेर में देवचंद्रेश्वर मंदिर में विशेष पूजा की जा रही है। अजमेर में शिवालयों में सहस्त्रघट के कार्यक्रम हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर में सुबह से ही शिवालयों में भोलेनाथ के अभिषेक का सिलसिला जारी है। पाली के देसूरी उपखंड क्षेत्र में परशुराम महादेव मेला भर रहा है।

....